प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

28.03.2024 समय 18.30

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज अधिसूचना जारी–इसके साथ ही राज्य की 13 सीटों के लिये नामांकन प्रक्रिया शुरू।

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिये पहले चरण में भरे गये नामांकनों की जांच में सात प्रत्याशियों के पर्चे खारिज।

- राज्य में लोकसभा चुनाव में अब तक करीब 68 हजार बुजुर्गों और दिव्यांगों ने घर से वोट डालने का विकल्प चुना।

- प्रदेश में कल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव की संभावना। कई स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना।

0000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही 13 सीटों टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां के लिये नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है। बागीदौरा विधानसभा सीट पर उपचुनाव की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है, जहां दूसरे चरण के साथ ही उपचुनाव होगा। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने का काम शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज कैलाश चौधरी ने बाडमेर सीट से अपना नामांकन पत्र भरा। इस दौरान पार्टी के कई नेता मौजूद थे। जालोर में भाजपा के महेन्द्र के. चौधरी ने अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ को सौंपा। इसी तरह उदयपुर सीट के लिये भाजपा के मन्नालाल रावत ने अपना नामांकन दाखिल किया। दूसरे चरण में 4 अप्रैल तक नामांकन पत्र भरे जा सकते है, 6 अप्रैल को इनकी जांच होगी और उम्मीदवार 8 अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं।

00000

राज्य में लोकसभा चुनाव के लिये पहले चरण में भरे गये नामांकनों की आज जांच की गयी। जांच में सात प्रत्याशियों के नामांकन खारिज कर दिये गये। निर्वाचन विभाग की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार चुरू, झुंझुनू तथा जयपुर से दो–दो जबकि दौसा से एक नामांकन खारिज हुआ है। नामांकनों की जांच के बाद कुल 124 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये हैं। गौरतलब है कि पहले चरण की 12 लोकसभा सीटों के लिए कुल 131 प्रत्याशियों ने 179 नामांकन पत्र भरे थे। इस चरण में 30 मार्च तक नामांकन वापस लिये जा सकेंगे। इसके बाद इन 12 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा।

0000

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का घोषणा पत्र इस बार जयपुर से जारी किया जायेगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी 6 अप्रैल को जयपुर में इसे जारी करेंगे। तीनों नेता जयपुर में चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे। इस लोकसभा चुनाव में सोनिया, राहुल और खड़गे की यह पहली चुनावी सभा होगी। आज जयपुर में कांग्रेस वॉर रूम में सोनिया गांधी की सभा की तैयारियों को लेकर जयपुर और आसपास की छह लोकसभा सीटों के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने यह जानकारी दी। इस बैठक में प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद

सिंह डोटासरा ने चुनाव तैयारियों पर चर्चा की। बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जयपुर से पार्टी का घोषणा पत्र लॉन्च होना ऐतिहासिक बात होगी।

00000

राज्य में लोकसभा चुनाव में अब तक करीब 68 हजार बुजुर्गों और दिव्यांगों ने घर से वोट डालने का विकल्प चुना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में होम वोटिंग के प्रति लोकसभा आम चुनाव में राज्य विधानसभा चुनाव के मुकाबले ज्यादा उत्साह है। विधानसभा चुनाव के दौरान 61 हजार से ज्यादा पात्र मतदाताओं ने पंजीकरण कराया था। इस बार यह आंकड़ा 68 हजार के पार पहुंच गया है, जबकि दूसरे के लिए अभी पंजीकरण चल रहा है। पहले चरण में होम वोटिंग के लिये पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इन चुनावों में 51 हजार से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों और 16 हजार 735 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। श्री गुप्ता ने बताया कि पहले चरण में होम वोटिंग के लिए मतदान प्रक्रिया 5 अप्रैल से शुरू होकर 14 अप्रैल तक चलेगी। दूसरे चरण में घर से वोटिंग की प्रक्रिया 14 अप्रैल से शुरू होकर 21 अप्रैल तक चलेगी।

00000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अधिकाधिक मतदान के लिये जिलों में नवाचार किये जा रहे है। अलवर जिले में इसके लिये एक अप्रैल से ऑनलाईन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके विजेताओं को जिला कलक्टर, अलवर के साथ कॉफ़ी पीने का अवसर मिलेगा। साथ ही उन्हें सर्टिफिकेट भी दिये जायेंगे। बूंदी में आज स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने दिव्यांगजनों की रैली को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बतिाया कि जिले मं मतदाताओं को वोट डालने के लिये प्रेरित करने के वास्ते तरह तरह के कार्यक्रम हो रहे हैं।

......

उधर डीग में भरतपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी सचिव वी सरवान ने स्वीप कार्यक्रमों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने नये मतदाताओं का सम्मान करने और जिले के प्रमुख स्थानों पर पेन्टिंग्स के माध्यम से वोट का महत्व समझाने पर जोर दिया। जालोर में पैट्रोल पंप पर आने वाले वाहनों पर मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाकर आमजन को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर मतदान की अपील वाले पोस्टर–बैनर लगाये जा रहे है।

0000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। आज का संदेश बस्सी जयपुर के श्रोता ने भेजा है

...........

000000

प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में 1 अप्रेल से क्यूआर कोड आधारित सफाई व्यवस्था अनिवार्य रूम से लागू की जाएगी। इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से सभी मेडिकल कॉलेजों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर ने क्यूआर कोड आधारित सफाई व्यवस्था शुरू करने का नवाचार किया था।
उसके परिणामों को देखते हुए प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में इस नवाचार को अपनाने के निर्देश दिए गए थे। प्रदेश

के मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों के लिए अब यह व्यवस्था 1 अप्रैल से अनिवार्य हो जायेगी। सभी मेडिकल कॉलेजों को यह व्यवस्था लागू कर 5 अप्रैल तक पालना रिपोर्ट देनी होगी।

00000

जयपुर हैरिटेज नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत एक नई पहल की है। इसमें क्षेत्र की सभी एनजीओं, संगठनों, व्यापार मंडलों, व्यापारियों और शहरी नागरिकों से स्वच्छता के प्रति सुझाव आमंत्रित किये जायेंगे। निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 में जागो जयपुर जगमग जयपुर के तहत हैरिटेज निगम में स्वच्छता नारा और पोस्टर प्रतियोगिता, शुभंकर प्रतियोगिता और जिंगल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। जिसमें 31 मार्च तक सभी नागरिक नगर निगम जयपुर, हैरिटेज की बेवसाईट पर जाकर गूगल फॉर्म के जरिये अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। साथ ही क्यूआर कोड के माध्यम से इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकते हैं।

00000

सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल तीन दिन के अधिकारिक दौरे पर आज राजस्थान फ्रंटियर मुख्यालय जोधपुर पहुँचे। उनके साथ सीमा सुरक्षा बल पश्चिमी कमान (चंडीगढ़) के विशेष महानिदेशक वाई बी खुरानिया भी जोधपुर आये है। महानिदेशक ने बल के मुख्यालय में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और सामरिक सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत विचार–विमर्श किया। उन्होंने सीमा सुरक्षा बल परिसर का निरीक्षण किया और नवचयनित जवानों से मिलकर उनके प्रशिक्षण की जानकारी ली। श्री अग्रवाल अपने दौरे में जवानों से मुलाकात करेंगे और सीमा के दुर्गम क्षेत्रों का जायजा भी लेंगे।

00000

राज्य में कल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि इसके कारण कल से कोटा, भरतपुर, अजमेर, जयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं पर वर्षा होने की संभावना है। दो दिन तक इस विक्षोभ का असर रहेगा। इस बीच प्रदेश में आगामी 24 घंटों में अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री गिरावट होने तथा आगामी 2–3 दिनों में अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज होने की संभावना है। प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर तेज हवाएं चलने के भी आसार हैं।

00000

हल्के लड़ाकू विमान तेजस एम के वन ए ने आज बेंगलुरु में अपनी पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की। ये विमान नई तकनीक वाले इलेक्ट्रॉनिक रडार, संचार प्रणाली और युद्ध क्षमताओं से लैस है। इस विमान में हवा में ही ईंधन भरा जा सकता है।

00000